### रजिस्टर्ड सीएस स्टूडेंट्स प्रतियोगिता के लिए कर सकते हैं आवेदन

# ICSI क्विज के लिए 30 सितंबर तक मौका

रिपोर्टर ● IamBhopal
Mobile no. 9827080406

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने सीएस स्टूडेंट के लिए ऑनलाइन कंपनी लॉ क्विज की घोषणा की है। आईसीएसआई के प्रेसीडेंट सीएस आशीष गर्ग ने कहा की ऑल इंडिया कंपनी लॉ क्विज में सीएस स्टूडेंट्स को तीन लेवल पर कंपनी लॉ एवं उससे सम्बंधित विषयों पर परखा जाएगा।

यह प्रतियोगिता सीएस कोर्स के तीनों चरण फाउंडेशन, एग्जीक्यूटिव एवं प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के लिए अलग अलग होगी। फाइनल राउंड में विजेता होने पर प्रत्येक लेवल के लिए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## इस तरह होगी प्रतियोगिता

**प्राइमरी राउंड :** यह ऑनलाइन एग्जाम मल्टीपल चॉइस पैटर्न पर होगा। यह राउंड 16 अक्टूबर को होगा, जिसमें सीएस स्टूडेंट कहीं से भी इसमें पार्टिसिपेट कर सकते हैं। इसमें पेपर 20 मिनट की अवधि का होगा जिसमें 25 प्रश्न पूछे जाएंगे। 20 मार्क्स लाने वाले स्टूडेंट्स सेमीफइनल राउंड में भाग ले सकेंगे।

**सेमीफाइनल राउंड :** यह राउंड 6 नवंबर को होगा, जिसमें की प्राइमरी राउंड में सफल स्टूडेंट्स पार्टिसिपेट कर सकते हैं। इसमें भी पेपर 20 मिनट की अवधि का होगा जिसमें 25 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह मल्टीपल चॉइस पेपर होगा। इस राउंड में हर रीजन से तीनों लेवल के टॉप - चार स्टूडेंट्स फाइनल राउंड में भाग ले सकेंगे।

**फाइनल राउंड :** सभी 48 फाइनलिस्ट (प्रत्येक लेवल के लिए 16 फाइनलिस्ट) को फाइनल राउंड में भाग लेने का मौका मिलेगा। फाइनल राउंड के लिए दिशानिर्देश अलग से घोषित किए जाएंगे।

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू...

भाग लेने के लिए सीएस रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन लिंक पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन शुरू हो चुके हैं, इसके लिए 30 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और डेस्कटॉप के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.icsi.edu पर विजिट करें। इसके अलावा स्थानीय चैप्टर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक भास्कर इंदौर 16-09-2020

# सीएस के छात्रों के लिए 16 अक्टूबर को होगी ऑनलाइन क्विज स्पर्धा, रजिस्ट्रेशन शुरू

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईसीएसआई अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन कंपनी लॉ क्विज आयोजित करने जा रहा है। नेशनल प्रेसीडेंट सीएस आशीष गर्ग ने बताया यह क्विज छात्रों के कंपनी लॉ के ज्ञान को तीन स्तर पर परखेगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कंपनी लॉ और उससे संबंधित विषयों में छात्रों की रुचि जगाने के साथ उनका ज्ञान बढ़ाना भी है। सीएस कोर्स के तीनों चरण फाउंडेशन, एक्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल के लिए यह अलग-अलग आयोजित होगी।

पहला राउंड 16 अक्टूबर को होगा। 20 मिनट की अवधि में 25 सवालों के जवाब देना होंगे। 20 अंक लाने वाले छात्र ही अगले राउंड में जा सकेंगे। सेमीफाइनल राउंड 6 नवंबर को होगा। इसमें भी 20 मिनट में 25 प्रश्न पूछे जाएंगे। हर रीजन से तीनों लेवल के श्रेष्ठ 4 स्टूडेंट्स फाइनल राउंड में भाग ले सकेंगे। फाइनल राउंड में हर लेवल पर अंतिम 16 प्रतिभागी शामिल होंगे। फाइनल राउंड के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र, दूसरे और तीसरे पुरस्कार के रूप में क्रमशः 30 और 20 हजार की राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वेबसाइट पर दी गई लिंक के जरिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। 15 सितंबर से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं।